संख्या- 4 /2018/292/छः ना0सु0-18-6बजट/17

प्रेषक,

सुनील यादव,
अनुसचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक सुरक्षा, उ0प्र0
लखनऊ।

नागरिक सुरक्षा अनुभाग **लखनऊः दिनांक** **मार्च**, 2018

विषयः नागरिक सुरक्षा निदेशालय में नई फोटोकापियर मशीन के क्रय पर होने वाले व्यय के भुगतान हेतु पुनर्विनियोग प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3073/**अनु-**2/**बजट-**35/2017 **दिनांक** 26-12- 2017 **का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।**

2- **इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नागरिक सुरक्षा निदेशालय में उपलब्ध फोटोकापियर मशीन के खराब होने के कारण उसके प्रतिस्थापना हेतु नई फोटो कापियर मशीन क्रय जैम पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु रू**0-1.25 **लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं -**

(1) **जिस प्रयोजन हेतु धनराशि की मांग की जा रही है, उसी मद में ही आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।**

(2) **जिस मद में धनराशि पुनर्विनियोजित की जा रही है, उसमें इस वित्तीय वर्ष में धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।**

(3) **स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक** 31-03-2018 **तक कर लिया जायेगा।**

(4) **यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पुनर्विनियोग से बजट मैनुअल के प्रस्तर-** 150, 151 **व** 154 **में निर्देष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।**

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.nic.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.nic.in

3- **उपरोक्त मद में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-**27 **के लेखाशीर्ष** 2070-**अन्य प्रशासनिक सेवायें-106-सिविल रक्षा**-03 **राज्य मुख्यालय स्थापना-**302-**भारत सरकार द्वारा आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति किये जाने वाला व्यय** 25 **प्रतिशत-**01 **वेतन मद में हो रही बचत से रू**0-47.00 **लाख (रू**0 **सैंतालिस लाख मात्र) से रू**0-1.25 **लाख का पुनर्विनियोग कर लेखाशीर्ष-** 2070-**अन्यप्रशासनिक सेवायें-106-सिविल रक्षा**-03 **राज्य मुख्यालय स्थापना-**302-**भारत सरकार द्वारा आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति किये जाने वाला व्यय** 25 **प्रतिशत-**12-**कार्यालय फर्नीचर एवं अन्य उपकरण के नामें डाला जायेगा।**

भवदीय]

(सुनील यादव)
अनुसचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- **महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम**, उ0प्र0, **इलाहाबाद।**
2- **कोषाधिकारी**, **जवाहर भवन**, **लखनऊ।**
3- **निदेशक**, **वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय**, **जावहर भवन**, **लखनऊ।**
4- **वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-**12 उ0प्र0 **शासन।**
5- **वित्त (बजट) अनुभाग-**1 उ0प्र0 **शासन (तीन प्रतियों में)**
6- **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,

(सुनील यादव)
अनुसचिव।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.nic.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

http://shasanadesh.up.nic.in